तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 मई 2024


बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 लालपुर स्कूल में संचालित समर कैंप का न्यौता भोज के साथ किया ...



12 प्रत्येक दसवें व्यक्ति को किडनी की बीमारी...




बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र धौराभाठा-मोहरेंगा मार्ग का मामला

# स्लैब टूटने से बीच सड़क पर बना जानलेवा गड्ढा, सात माह में भी नहीं हुई मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा बेमेतरा क्षेत्र आने वाले एवं धमधा विकासखण्ड अंतर्गत धौराभाठा-मोहरेंगा सड़क के बीचों-बीच सड़क पर स्लैब टूटने से एक बड़ा गड्ढा बन गया है। यह सड़क मार्ग के राहगीरों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। बताया जा रहा है कि इस सड़क मार्ग पर यह स्थिति विगत कई महीनों से दिखाई दे रही है। इस ओर स्थानीय पंचायत प्रशासन से लेकर जिम्मेदार विभाग के आला अफसर भी ध्यान नहीं ▶▶| शेष पेज 13 पर

- विभागीय अधिकारियों को दुर्घटना का इंतजार

## कई गांवों के लोगों के आवागमन का मार्ग

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम धौराभाठा से मोहरेंगा के बीच मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर आवागमन के लिए सड़क बनाई गई है। यहाँ से स्थानीय बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के नगर बेरला से मात्र 04 किलोमीटर में होने के कारण सैकड़ों की तादाद में आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण आना-जाना करते हैं। इस मार्ग से हरदी, करेली, बोरिया,पाहरा, कन्दई, पेंड्रीतराई, घटियाकला, तरकोरी, सोढ़, सेमरिया, गोता, माटरा सहित धमधा-अहिवारा के लोगों का गुजरना लगा रहता है। थोड़ी सी भी असावधानी या एक साथ अचानक दूसरी गाड़ी आ जाने से यहां बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जानकारी के मुताबिक धौराभाठा-मोहरेंगा मार्ग पर बरसात में खेतों का पानी सड़क से नीचे से बहता रहा है। सालभर पूर्व एक मीटर के व्यास के होल का बड़ा गड्ढा बन गया था। स्थानीय धौराभाठा पंचायत प्रशासन द्वारा इसकी मरम्मत कराई गई थी, किंतु उसके बाद बारिश से पुनः सड़क का स्लैप टूट गया है। स्थानीय लोगों ने गड्ढे को पत्थर व कांटों से भरकर सड़क सुरक्षा का अस्थायी इंतजाम किया है, लेकिन तब से आज सात माह तक यथावत स्थिति बरकरार है। इसके बावजूद बेमेतरा विधानसभा के जनप्रतिनिधियों के साथ जिम्मेदार धमधा अनुविभाग व दुर्ग जलि के अफसर भी इस समस्या पर अभी तक अपनी सक्रियता का परिचय नहीं दिखा पाए हैं। जिम्मेदारों की यह लापरवाही आसपास के लोगों और यहां से गुजरने वाले राहगीरों के लिए खतरनाक हो सकता है।

## बजट आने पर की जाएगी मरम्मत तब तक पंचायत करे इंतजाम

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना दुर्ग के कार्यपालन अभियंता राहुल कश्यप ने बताया कि उक्त प्रभावित सड़क की समस्या को लेकर स्थानीय धौराभाठा ग्राम पंचायत सरपँच पुनऊराम साहू व अन्य ग्रामीण विभागीय कार्यालय पहुंचे थे। जिस पर विभाग द्वारा मामले को गम्भीरता से लिया गया है। हालांकि इससे पूर्व में मरम्मत की गई थी, किंतु स्लैब टूटने से दोबारा यह स्थिति हुई है। बजट राशि की स्वीकृति के बाद मरम्मत कर दी जाएगी। तब तक स्थानीय पंचायत प्रशासन को अपने फंड से सुरक्षा का इंतजाम करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बिजली व्यवस्था नहीं सुधारने पर शिवसेना करेगी आंदोलन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान ने जारी बयान में कहा कि ग्रीष्म ऋतु भीषण गर्मी एवं तापमान में जिले के विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा आए दिन व प्रतिदिन रात्रिकालीन में बिजली बंद किया जाता है। जिसके चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रवासी गर्मी के तापमान से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में वैसे भी 44, 45 डिग्री तापमान बढ़ा हुआ है। इधर विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा आए दिन बिजली कटौती करने से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से बिजली कटौती के संबंध में जानकारी लेने जाओ तो गोलमोल जवाब देते हैं। बिजली का तार टूट गया तो कभी बोलते हैं कि ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर व निम्न स्तर की तार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया गया, जिसके चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन बिजली गुल होते रहती। जिससे आम जनता को इस गर्मी के तापमान से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान विद्युत विभाग के अधिकारी को चेतावनी देता है कि उक्त भीषण गर्मी में बिजली का कटौती न करें जनहित की सुविधाओं को देखते हुए 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराएं नहीं तो शिवसेना विद्युत विभाग का घेराव करेगी।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बालोद।** लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार दो लोगों को ठोकर मार दी। उसके बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर कुछ अन्य राहगीरों को अपनी चपेट में लेने लगा, लेकिन गनीमत रही कि राहगीरों ने सूझबूझ के साथ अपने आप को बचा लिया। घटना गुरुवार की रात करीब 8 बजे बालोद-लोहारा मुख्य मार्ग पर ग्राम जुंगेरा के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जुंगेरा निवासी रोमन महानदिया 36 वर्ष गांव की ही एक महिला प्रकाशा बाई यादव 50 वर्ष को बैठाकर बालोद से जुंगेरा जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से बाइक सवार दोनों को अपने चपेट में ले लिया। घटना में बाइक सवार को चोटें आई हैं, वहीं पीछे बैठी महिला प्रकाशा बाई को गम्भीर चोट आई है।

### शेयर मार्केट के नाम पर 1 करोड़ की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म ददर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी निवासी प्रलय शांति बसु से अज्ञात ने शेर मार्केट में रुपए निवेश कर 500 प्रतिशत मुनाफा का झांसा देकर 1 करोड़ 26 लाख 22 हजार रुपए का ठगी किया है। मुनाफा की राशि आरोपियों ने पीड़ित को समय बीतने के बाद भी नहीं दिया। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस को किया है।

विस्फोटक पदार्थ के रखरखाव एवं नियमों के उल्लंघन व लापरवाही का मामला

# पिरदा बारूद फैक्ट्री विस्फोट मामले में एक पर नामदज रिपोर्ट दर्ज, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी-पिरदा स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फ़ैक्ट्री में हुए बारूद विस्फोट की घटना के 6 दिन बाद अन्ततः पुलिस प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन के एक पदाधिकारी के खिलाफ नामजद व अन्य के नाम से रिपोर्ट दर्ज की है।

- स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फ़ैक्ट्री में विस्फोट के 6 दिनों बाद कार्रवाई

उप मुख्य विस्फोटक निरीक्षक पेट्रोलियम पदार्थ एवं एक्सप्लोसिव सुरक्षा संगठन केन्द्रीय संचिवालय की जांच रिपोर्ट के आधार पर कण्डरका चौकी पुलिस ने स्पेशल ब्लास्ट कंपनी पिरदा के पदाधिकारी अवधेश जैन एवं अन्य पर विस्फोटक पदार्थ के रख रखाव एवं नियमों का उल्लंघन एवं लापरवाही बरतने के कारण घटना घटित होना पाए जाने पर धारा 286, 337, 304,(ए) एवं धारा 9 बी, 9 सी विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध कायम किया है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार विस्फोट में घटना में घायल हुए 07 लोगों को इलाज के लिये रायपुर भेजा गया था। उनमें से एक व्यक्ति सेवक राम साहू पिता डहर साहू उम्र 50 साल निवासी पिरदा की मृत्यु हो गई है। वहीं, पीईटीएन सेक्शन में कार्यरत 08 मजदूरों के घटना के बाद से लापता होने का मामला दर्ज किया गया है। बहरहाल जिले सहित प्रदेश को झकझोर देने वाली बारूद कंपनी की इस घटना में यह तो माना जा रहा है कि 9 लोगों की जान चली गई। घटना इतनी वीभत्स थी कि कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों का बारूद के विस्फोट से शरीर पूरा क्षतविक्षत हो गया। शरीर का कोई अंग नहीं, सिर्फ मांस के लोथड़े ही मिल पाए।



बेरला ब्लॉक के पिरदा-बोरसी में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट के बाद दहशत

मलबे में जगह-जगह बिखरे मांस के लोथड़े अपनों के बारे में जानने भटकते रहे परिजन

पूर्व अध्यक्ष द्वारा हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका पर मिला स्टे

## एफआईआर से ग्रामीण संतुष्ट नहीं

विस्फोट के इतने दिनों बाद पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन मामले में ग्रामीणों द्वारा कंपनी के जिस ओहेदेदार के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की जा रही थी, उन्हें इससे अलग रखा गया। वहीं, उनके खिलाफ एफआईआर में नाम दर्ज नहीं होने से ग्रामीण असंतुष्ट नजर आए। बता दे कि ग्रामीणों के द्वारा विस्फोट होने के बाद लगातार कंपनी के सामने विभिन्न संगठनों के साथ आंदोलन में थे। इस दौरान भी कंपनी के उस पदाधिकारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी के साथ उसे तत्काल गिरफ्तार करने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। इस दौरान पीड़ित एवं आंदोलनकारी प्रशासन पर पक्षपात किए जाने का आरोप लगाते रहे थे।

# सहकारी समितियों में पहुंचा खाद-बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी ख़रीफ़ फसल के लिए जिले के खाद भण्डारण के कुल लक्ष्य 50520 मीट्रिक टन के विरूद्ध 34717 मीट्रिक टन का भण्डारण समितियों में जा चुका है। यह लक्ष्य का 68.71 प्रतिशत भंडारण है, जबकि पिछले साल आज दिनांक तक 65.38 प्रतिशत खाद का भंडारण हुआ था। इस प्रकार पिछले साल से 3.33 प्रतिशत अधिक खाद ज़िले को प्राप्त हो चुका है। वहीं, 23084 मीट्रिक टन खाद का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। डाई अमोनियम फास्फेट-डीएपी का कुल लक्ष्य 15360 मीट्रिक टन के विरुद्ध 9294 ▶▶| शेष पेज 13 पर

- अब तक 23084 मीट्रिक टन खाद व 11145 क्विंटल बीज का किया जा चुका वितरण

### खाद-बीज के शीघ्र उठाव की अपील की

कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि समितियों में भंडारित खाद बीज का शीघ्र उठाव करें। कुल ऋण वितरण लक्ष्य 500 करोड़ रूपए के विरुद्ध 225.73 करोड़ रूपए ऋण वितरण सहकारी बैंक के माध्यम से किया जा चुका है। पिछले साल मई माह तक 300 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया जा चुका था।

### कृषकों को समसामयिक सलाह दें कृषि अधिकारी : शर्मा

कलेक्टर ने किसानों के खेती-किसानी की तैयारियों को विशेष ध्यान में रखते हुए कहा कि जिले को मिले खाद-बीज के आबंटन के आधार पर उपलब्ध खाद एवं बीज समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को वितरण सुनिश्चित करें। कृषि विभाग के अधिकारी अपने अमलों के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# समर कैंप में हस्तलिखित पत्रिका और चित्र बनाने की कला बच्चों ने सीखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं।

- शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में आयोजित



समर कैप में बच्चे भारी उत्साह से शामिल हो रहे हैं।

शाला के शिक्षिका सीमा रानी देवांगन बच्चों को हस्त लिखित पुस्तिका बनाना, अखबारी टोपी बनाना, चित्र बनाना, रंग भरना आदि सीखा रही है। शाला के प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बताया कि सभी बच्चे विलक्षण प्रतिभा के धनी होता हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानना, उनको अवसर देना व खेल खेल में शिक्षा देना, शिक्षकों का बच्चों व पालकों के साथ मधुर सबंध को मजबूत करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में पपेट निर्माण, मिट्टी से खिलोना कहानी सुनाओ अंताक्षरी आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज बीस बच्चों ने भाग लिया। शाला विकास समिति पुन्नी लाल सफाई कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

# खिसोरा की बीच सड़क बह रहा पानी, फैल है गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

बेरला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खिसोरा में इन दिनों बीच सड़क पर बस्ती का गन्दा पानी खुलेआम बह रहा है, जिससे गाँव की स्वच्छता व्यवस्था की पोल खुल रही है। वैसे तो यह समस्या गाँव में काफी पहले से विराजमान है किंतु स्थानीय प्रशासन के ध्यान नहीं देने के कारण गाँव की ऐसी दुर्दशा नज़र आ रही है।

- प्रशासन के ध्यान नहीं देने से बढ़ी समस्या



ज्ञात हो कि शासन- प्रशासन द्वारा स्वच्छता के प्रति सख्त दिशा निर्देश दिया जाता है, किंतु धरातल पर इसका असर विपरीत दिखाई पड़ता है। खिसोरा गाँव में बीच सड़क पर गन्दे पानी के लगातार बहाव को देखकर अंदाज़ा लगाया जा सकता है। असल मे देखा जाए तो प्रशासन की साफ-सफाई को लेकर दिया गया निर्देश को पंचायत के जनप्रतिनिधि व अफसरों द्वारा सिर्फ कागजी आदेश समझकर उसकी धज्जियां उड़ा दी जाती है, जो ग्रामीणों के लिए आफत बन जाती है। खिसोरा गाँव मे फिलहाल यह दुर्दशा मुख्य सड़क मार्ग स्थित चौक पर है जहां पर प्रतिदिन काफी स्थानीय लोग गुजरते है जो वाहनों पर होने के कारण नाली के ऊपर से गुजरने पर डरते हैं।

इस सड़क पर लगातार नाली के गन्दे पानी बहने से उक्त सड़क पर शैवाल जम गया है जो फिसलन का रिस्क बढ़ा देता है। इसके अलावा पैदल आवागमन करने वाले ग्रामीण भी इस चौक पर आने-जाने को लेकर भयभीत रहते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार शासन-प्रशासन के लोग सड़क व गाँव की नाली निकासी मार्ग को अलग अलग कर व्यवस्था नहीं कर रहे।

## गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों व माईक्रोआब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

# मतगणना का कार्य पारदर्शी ढंग से पूर्ण करें पूरी प्रक्रिया : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षक/गणना सहायकों, माईक्रोआब्जर्वर का अंतिम प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न हुआ। पहली पाली का प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाह्न और दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से हुआ।

कलेक्टर ने आयोजित मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना (काउंटिंग) के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतें। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना में आप सब की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। उन्होंने मतगणना के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना भूमिका निभाने वाले सभी गणना पर्यवेक्षक /गणना सहायकों ,माईक्रोआब्जर्वर क मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए। सौम्य, सहृदय व्यवहार रखें।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून को ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में होने वाली मतगणना के लिए ज़िले की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना की जिम्मेदारी सौंपी जाये वह पूरी जवाबदेही से निभाये। सुबह 8 बजे से ही ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारम्भ कर दी जाएगी। मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने मतगणना स्थल पर उनकी भूमिका, ईटीपीबीएस एवं डाक मतपत्रों की गणना एवं ईवीएम से मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना हॉल में कितने टेबल लगाए जाने हैं, टेबल किस प्रकार लगाए जाने हैं, प्रत्याशी, उनके अधिकृत प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता कितने होंगे तथा किन स्थानों पर बैठेंगे, वीवीपैट की गणना के लिए कौन सा टेबल निर्धारित किया जाये। कौन सी सावधानियां बरतने की जरूरत है जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी साझा की।

**मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जाने की अनुमति :** मतगणना के दौरान पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मतगणना कार्य के संबंध में मॉकड्रिल 3 को

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना कार्य के संबंध में मॉकड्रिल का आयोजन 3 जून को सुबह 8 बजे मतगणना स्थल लाइवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि इस दौरान सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गणना सहायक, मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, माइक्रोआर्ब्जवर, आई–टी सेक्शन, ईव्हीएम परिवहन, सीलिंग कार्य, आई–टी सेक्शन एवं फोटोकॉपी कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु मॉकड्रील कराया जाएगा।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप




### बुढ़ापारा में निशुल्क छाछ का किया वितरण

रायपुर। तेज गर्मी को देखते हुए गुजराती लोहाणा युवा मंडल द्वारा बुढ़ापारा बिजली ऑफिस के बाजू में निशुल्क छाछ का वितरण किया गया। जिससे भारी संख्या में लोगों ने राहत मिली। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष विशाल भाई ठक्कर, सचिव कल्पेश पारेख के अलावा दीपेश पारपानी, हार्दिक पोपट, हर्ष पुजारा, श्याम मोदी, सुमीत नाथवानी, कुशल पारेख, मयूर बरछा, शुभम लाखानी तथा लोहाणा महाजन से हितेश रायचूर, मनीष पारपानी तथा लोहाणा युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनीष राणा भी उपस्थित थे।

### अहिल्या देवी की जयंती पर निशुल्क चित्रकला स्पर्धा आज

रायपुर। संस्कार भारती रायपुर द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर की



300वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 31 मई को स्कूली बच्चों व नवोदित कलाकारों के लिए निशुल्क जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह स्पर्धा सुबह 9.30 बजे से 11.30. बजे तक जारी रहेगा। यह जानकारी संस्कार भारती रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 4 वर्गो में आयोजित होगी, जिसमें किसी भी आयु के प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिभागी किसी भी माध्यम, रंग संयोजन में चित्र निर्माण कर सकते है। सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से ड्राइंग शीट प्रदान की जाएगी, शेष सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लेकर आना आवश्यक है। प्रत्येक समूह के विजेता प्रतिभागियों को संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

### मुआवजा और नौकरी की मांग, सौंपा ज्ञापन

रायपुर। राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन के पदाधिकारियों ने महापौर और आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को निगम में नौकरी दिए जाने की मांग की है। इसी दौरान आंदोलन के राज्य संयोजक राजू भारतवासी और घासी घसिया समाज के जिलाध्यक्ष युवराज सेंदरे एवं संगठन के सदस्यों ने बताया कि 25 मई को सिविल लाइंस इलाके में सफाई कार्य के दौरान कचरा गाड़ी में दबने से अनुबंध पर रखे गए सफाई कर्मचारी मिथिलेश निषाद की मौत पर मृतक के आश्रित परिवार को कर्मचारी कानून पुनर्वास अधिनियम के तहत 30 लाख रुपए मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को निगम में नौकरी दिए जाने की मांग की है। राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन द्वारा निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम दिया गया कि 15 दिनों के अंदर मांग पूरी नहीं किए जाने पर निगम की संपूर्ण सफाई व्यवस्था ठप कर निगम में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

### बेजुबान पशु के लिए बांटे सकोरा




रायपुर। शहर में भीषण गर्मी से बेजुबान पशुओं को बचाने व उनकी मदद करने के लिए नेकी कर फाउंडेशन द्वारा शहर में 130 से अधिक सकोरे का वितरण किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था की सोच है कि यदि शहरवासी अपने घर के बाहर इन सकोरे में पानी रखें और समय-समय पर इसकी सफ़ाई करें तो शहर में कोई भी बेजुबान पशु व गौमाता बीमार नहीं होगी, यदि आप भी अपने घर के पास सकोरा रखकर बेजुबान की मदद करना चाहते हैं तो संस्था से संपर्क करके इसे प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रत्येक दसवें व्यक्ति को किडनी की बीमारी, जलवायु परिवर्तन भी प्रमुख कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट एवं प्रदेश सरकार के विशेषज्ञ प्रो. विवेकानंद झा के मुताबिक हर दसवां व्यक्ति किडनी की बीमारी से पीड़ित है। बदली जीवनचर्या के साथ जलवायु परिवर्तन भी इसका प्रमुख कारण हैं। गंभीर रूप धारण कर चुके किडनी के गंभीर रोग पर अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में किडनी के गंभीर रोग (सीकेडी) पर आयोजित व्याख्यान में प्रो. झा ने कहा कि कई किडनी रोगों के कारणों का अभी भी पता नहीं चला है। ऐसे में यह तीसरी सबसे घातक बीमारी बन चुकी है। उन्होंने किडनी रोगों पर विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से निरंतर शोध करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीकेडी के विषय में अभी और शोध एवं अनुसंधान की जरूरत है। साथ ही बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने प्रो. झा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु भी उपस्थित थीं।

### किडनी के गंभीर रोगों पर अनुसंधान और ट्रेनिंग की जरूरत

- एम्स में किडनी के गंभीर रोग पर विशेषज्ञों का व्याख्यान



### किडनी रोग की प्रमुख वजह

नेफ्रोलॉजिस्ट प्रो. झा के अनुसार किडनी रोग की प्रमुख वजह बदलती दिनचर्या, जलवायु परिवर्तन, हीट स्ट्रेस, पेस्टीसाइड का बढ़ता प्रयोग, पैन किलर का गैर अनुपातिक प्रयोग, पेयजल में भारी धातुओं की बढ़ती अधिकता और जेनेटिक्स में बदलाव प्रमुख हैं। उन्होंने पेरिटोनियल डायलिसिस के रोगियों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने पर भी जोर दिया।

### उपचार के लिए क्लिनिकल गाइडलाइन

नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि विभिन्न शोध परियोजनाओं के माध्यम से एम्स सुपेबेड़ा और आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोगियों को उपचार की क्लिनिकल गाइडलाइंस बनाई जा रही है। इसकी बीमारियों के नए कारणों के बारे में भी उपयोगी जानकारी मिल रही है। इसी प्रकार की चुनौती से आंध्रप्रदेश के कुछ क्षेत्र भी प्रभावित हैं।

## आठ सौ करोड़ के रोड ठेका के बदले में मांगी थी 50 करोड़ फिरौती

# फिरौती की मांग करने वाले शूटर रोड ठेकेदार पर बोकारो में पहले भी हमला कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल कारोबारी तथा रोड ठेकेदार से फिरौती की मांग करने वाले शूटर झारखंड बोकारो में ठेकेदार को धमकाने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व फायरिंग की घटना को अंजाम दे चुके हैं। शूटरों के रायपुर में पकड़े जाने के बाद झारखंड पुलिस शूटरों से पूछताछ करने रायपुर आई थी। झारखंड पुलिस ने रायपुर में रोहित से लंबी पूछताछ की है।

पुलिस के अनुसार मलेशिया में बैठे मयंक सिंह के निर्देश पर झारखंड जेल में बंद अमन साहू ने फिरौती वसूलने कोल कारोबारी तथा रोड ठेकेदार को धमकाने के उद्देश्य से जेल में योजना बनाई थी। इसके बाद अमन ने जेल से रिहा हुए अपने गुर्गों के माध्यम से रोहित के पास मैसेज भेजा और कोल कारोबारी तथा रोड ठेकेदार को धमकाने के लिए कहा। इसके बाद रोहित ने झारखंड में अपने अन्य साथियों की मदद से बोकारो में रोड ठेकेदार को धमकाने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया।

### फिरौती देने से इनकार करने पर सबक सिखाने पहुंचे

पूछताछ में पप्पू तथा रोहित ने पुलिस को बताया कि हमला होने के बाद भी रोड ठेकेदार फिरोती देने राजी नहीं हुआ। इस पर रोहित ने राजस्थान के गैंगस्टर पप्पू से संपर्क किया। इसके बाद रोहित ने झारखंड में अपने अन्य साथियों की मदद से रोड ठेकेदार की संपूर्ण जानकारी हासिल की। जानकारी हासिल करने के बाद रोहित के पकड़े जाने के एक माह पूर्व रायपुर आकर रोड ठेकेदार के साथ कोल कारोबारी की रैकी की। इसके बाद रोहित ने दोनों के बारे में प्राप्त जानकारी पप्पू के पास शेयर की।


बदमाशों को एक-दूसरे से पहचान के लिए मिला था कोड नेम
मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल
पकड़े जाने पर राम-राम, जय माता दी, 29-29 कोड
आज आने वाले थे अकाउंट में साढ़े चार लाख
बदमाशों के लिए कोड निर्धारित
घटना के पहले रेकी कर वीडियो बनाया
बदमाशों का एनक्रिप्टेड एप के माध्यम से संपर्क
गैंग में बदमाशों की जेल भर्ती

### रिसेप्शन से लेकर वेटर तक बने पुलिस कर्मी

शूटरों के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस उन्हें पकड़ने अलर्ट हो गई। शूटरों का प्रोफाइल जानने के बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ने उसी स्तर की तैयारी की। रोहित जिस होटल में रुकने वाला था, इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उस होटल को अपने कब्जे में ले लिया और पुलिसकर्मी सादी वर्दी में होटल में रिसेप्शनिस्ट के साथ वेटर के रूप में अपनी सेवाएं देने पहुंच गए। बताया जा रहा है, होटल में 50 के करीब पुलिसकर्मी वेटर, रिसेप्शनिस्ट के रूप में तैनात किए गए थे। इनमें से कुछ पुलिसकर्मी पिस्टल के साथ लैस थे।

### पिस्टल देने वाले की तलाश

रोहित ने इंदौर में किसके पास से पिस्टल खरीदी, इसे लेकर पुलिस रोहित से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार रोहित को जिसने पिस्टल उपलब्ध कराई, उसके पकड़े जाने के बाद कई और महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है। गौरतलब है कि पुलिस ने रोहित के पास से पिस्टल के साथ खाली मैग्जीन जब्त की है। पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि शूटरों को घटना वाले दिन किनके माध्यम से और कौन बुलेट देने वाला था।

### रोहित को भनक तक नहीं लगी वह घिर गया है

पुलिस के अनुसार रोहित की शूटर के रूप में पहचान होने के बाद उसे तत्काल गिरफ्तार करने के बजाय उसके अन्य साथियों के आने का इंतजार किया गया। इस दौरान पप्पू ने रोहित के साथ वीडियो कॉल के माध्यम से कोडवर्ड में बातचीत भी की, तब पुलिस को पता चला कि घटना को अंजाम देने रोहित की मदद करने दो अन्य शूटर रायपुर पहुंच रहे हैं, जिसके बारे में रोहित को भी जानकारी नहीं थी। रोहित ने उन लोगों के पास मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया था।

### राम-राम बोलकर अलर्ट किया

पुलिस के अनुसार पप्पू के बारे में जानकारी जुटाने के बाद दिल्ली में पहले से तैनात पुलिस टीम को जयपुर रवाना किया गया। पप्पू के ठिकाने में पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस ने रोहित को गिरफ्तार किया। उसी दौरान इत्तेफाक से पप्पू ने रोहित को कॉल किया, तब रोहित ने पप्पू को राम-राम बोलकर अलर्ट किया। इसके बाद पुलिस से बेखबर पप्पू भागने की कोशिश करने लगा, तब रायपुर पुलिस ने जयपुर पुलिस की मदद से उसे घेराबंदी कर पकड़ा।

# शहीद स्मारक भवन का रूफ टॉप गार्डन उजाड़ रहे, न स्मार्ट सिटी वालों का पता, न निगम वालों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय स्मार्ट सिटी ने छत के खाली हिस्से में बनवाया रूफ टाप गार्डन
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनगाथा दर्शाने वाला लेजर शो अरसे से बंद

राजधानी के जीई रोड स्थित नगर निगम के ऐतिहासिक शहीद स्मारक भवन में सालभर पहले रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 40 लाख खर्च कर बनाये गये रूफ टॉप गार्डन को उजाड़ा जा रहा है। वहां लगे टाइल्स सहित अन्य सामानों को उखाड़कर हटाने से छत वाली जगह अब चौड़ी लगने लगी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शहीद स्मारक भवन में जोर-शोर से इस भवन के छत वाले खाली हिस्से में हरे-भरे पेड़ पौधे बड़े आकार के लगाये गये। बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा को दर्शाते लाइट एंड साउंड शो शुरू कराया गया। यह कुछ समय तक आम जनता के लिए प्रदर्शन के बाद बंद कर दिया गया।

शहीद स्मारक भवन के रूफ टॉप गार्डन अब बीते दिनों की याद बनकर रह जायेगी। जिस जगह पर लाखों रुपये खर्च कर आगंतुकों के लिए इसे सुंदर बगीचे सा स्वरूप देकर आकर्षक साज-सज्जा की गई, अब उसी जगह लगाये गये पेड़ पौधों को काटने के बाद टाइल्स उखाड़कर मलबे के रूप में फेंका जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक इसे अब नया लुक देने की तैयारी है। इस संबंध में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जीएम तकनीकी पीके पंचायती से बातचीत की, तो पता चला कि उन्हें भी इस संबंध में जानकारी नहीं है।

### जोन अध्यक्ष से लेकर महापौर तक अनभिज्ञ

नगर निगम जोन 4 अध्यक्ष और निगम सभापति प्रमोद दुबे से जब इस संबंध में हरिभूमि ने वस्तुस्थिति जाननी चाही, तो उनका कहना था कि शहीद स्मारक भवन के उपरी छत पर विकसित रूफ टॉप टॉप गार्डन उजाड़ने की उन्हें जानकारी नहीं है। इस संबंध में वे जल्द निगम के अधिकारी से जानकारी लेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने भी इस संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की।

# बेमेतरा बारूद फैक्ट्री हादसे में मृतक परिवार को दें एक करोड़ मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- घटना के चार दिन बाद भी दोषियों पर एफआईआर क्यों नहीं : डॉ महंत

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बेमेतरा के ग्राम-बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में हुए ब्लास्ट की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, वहां जो ब्लास्ट हुआ वह पूरी तरह से घोर लापरवाही का नतीजा है। राज्य सरकार की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। यदि इन्डस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी अधिकारियों द्वारा बारूद कारखाना में मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किया गया होता, तो यह दुर्घटना नहीं होती। मेसर्स स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड प्रबंधन मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ का मुआवजा दे एवं राज्य सरकार मृतक परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, घटना के चार दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से यह स्पष्ट हो रहा है कि राज्य सरकार दोषियों को बचाना चाह रही है। यह आपराधिक लापरवाही का मामला है, इसलिए एफआईआर तत्काल होना चाहिए। कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किसी भी कारखाने में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि होने पर ऑक्यूपायर और मैनेजर ये दो पदाधिकारी प्रथम दृष्टया दोषी होते ही हैं। अतः अब और विलंब नहीं करके तत्काल एफआईआर की जाए, ऑक्यूपायर तथा मैनेजर को गिरफ्तार किया जाए और एसआईटी गठित करके विवेचना प्रारंभ की जाए। स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड सहित छत्तीसगढ़ में सभी कारखानों को बंद किया जाए एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की सघन जांच की जाए।

- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा- श्वेत पत्र जारी हो

# आचार संहिता में राजस्व महकमे के 93 अधिकारी कर्मचारी के दिल्ली-चंडीगढ़ टूर पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद भी नगर निगम के राजस्व अमले के दिल्ली और चंडीगढ़ यात्रा पर भाजपा पार्षद दल और नगर निगम के वरिष्ठ एमआईसी सदस्यों ने सवाल उठाये हैं। 20 से 28 मई तक राजस्व विभाग के 93 कर्मचारी, अधिकारी और कम्प्यूटर आपरेटर के एक साथ टूर को औचित्यहीन बताते हुए वरिष्ठ एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने दो टूक शब्दों में कहा कि इससे शहर के नगर निगम और आम जनता का क्या ताल्लुक है? यहां तो गरीबों पर लगाये जा रहे टैक्स में एकरूपता नहीं है? नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे पूर्व में केरल की यात्रा पर राजस्व के अधिकारी गए इससे नगर निगम को क्या फायदा हुआ? इस पर श्वेत पत्र जारी हो?


राजस्व महकमे के 93 अधिकारी व कर्मचारी दिल्ली और चंडीगढ़ की अध्ययन यात्रा के बाद बुधवार को राजधानी लौट आये। इसमें उपायुक्त राजस्व के साथ अलग-अलग जोन के राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। एक साथ बड़ी संख्या में राजस्व महकमे के अधिकारी-कर्मचारियों के भ्रमण-अध्ययन को लेकर एमआईसी सदस्य और नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाये हैं।

### टूर जाने की जरूरत क्या थी? श्रीकुमार मेनन

पिछले बार राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी केरल जाकर आये उस समय भी जानकारी नहीं दी,इस बार आचार संहिता होने के बाद एक साथ 93 लोग अध्ययन, भ्रमण कर आ गये। निगम आयुक्त का यह अपना निर्णय हो सकता है, पर इस बार राजस्व वसूली 400 करोड़ होनी थी। 25 से 40 हजार अवैध नल कनेक्शन शहर में मौजूद हैं, इसकी पड़ताल करने राजस्व महकमे को स्पॉट पर निकलना था। 50 से 60 हजार डायवर्टेड प्लाट जीआईएस सर्वे के बाद चिन्हांकित कर इसके डीडीएन नंबर जारी किये गये हैं। ये ओपन प्लॉट वीआईपी एरिया से लेकर शहर के बाकी इलाकों में स्थित हैं, पर आज तक राजस्व महकमा इसे टैक्स के दायरे में नहीं ला पाया। इन कमियों को यदि दूर कर लिया जाये तो रायपुर नगर निगम को 400 करोड़ का राजस्व हर साल मिलेगा। आज नगर निगम की स्थिति ये है राजस्व वसूली का 90 फीसदी राशि कर्मचारियों के सेलरी में चली जाती है। वार्डों के विकास के लिए नगर निगम के पास पैसे नही हैं। संधारण मद में भी यही हाल है।

### एमआईसी सदस्य बिफरे, कहा- कतई उचित नहीं, जनता के पैसों की बरबादी

#### श्वेत जारी हो : मीनल चौबे



नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, राजस्व अमला पिछले साल केरल की यात्रा पर गया, वहां क्या अध्ययन किया, पूर्व के भ्रमण से नगर निगम को क्या फायदा हुआ पहले हमें ये बताएं। इसके लिए श्वेत पत्र जारी हो। बिना प्लान स्पष्ट किये कौन से क्षेत्र में क्या अध्ययन करने जा रहे हैं, इसकी जानकारी निर्वाचित पार्षदों को नहीं दी गई। बिना जानकारी के चंडीगढ़ और दिल्ली होकर आ गये। प्रत्येक प्रदेश की अपनी संरचना अलग-अलग होती है। इसे समझना होगा।




- नागभूषण राव ने आरोप लगाया कि राजस्व बढ़ाने की नीयत विभागीय अधिकारियों में नहीं है

#### स्टडी टूर औचित्यहीन : नागभूषण राव



एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने राजस्व महकमे के स्टडी टूर को औचित्यहीन करार दिया है। उनका कहना है, इससे नगर निगम और शहर की आम जनता का क्या ताल्लुक है? जोन 2 के बंजारी माता वार्ड में करारोपण की लचर व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि गरीबों के उपर कर लगाने के मामले एकरूपता नही है। अधिकारी जैसा मर्जी आया वैसा टैक्स वसूल रहे हैं। मैने इसकी दो बार शिकायत की, इस पर संज्ञान लेने पर 2 बार एआरओ बदले गये। मंगलवार की बैठक में मैने निगम आयुक्त से शिकायत की है, वार्ड 5 की रेवेन्यू टीम केवल अवैध वसूली में लगी है। नागभूषण राव ने आरोप लगाया कि राजस्व बढ़ाने की नीयत विभागीय अधिकारियों में नहीं है।

- बोरियाखुर्द में आरडीए की पहली एजेंसी ने अटकाया काम इसलिए नहीं मिला आशियाना

# स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान बनाने नई एजेंसी तय अब दिसंबर में लोगों को आरडीए देगा पजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोरियाखुर्द में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने शहरी गरीब परिवारों के लिए स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान बनवाने के लिए अब नई एजेंसी को जिम्मेदारी दी है। साथ ही उन्हें दिसंबर 2024 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समय दिया है। प्रोजेक्ट पूरा होने के साथ ही कॉलोनी में मकान बुक कराने वाले लोगों को पजेशन देने की प्रक्रिया शुरू होगी। तब तक एजेंसी को कॉलोनी में आने-जाने के लिए सड़क,नाली और बिजली फिटिंग जैसे जरूरी काम के साथ मकान के बचे हुए काम को पूरा करने के लिए जिम्मेदारों ने निर्देश दिया है।

शहर के आउटर इलाके में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान बनाकर देने के लिए 2018 में रायपुर विकास प्राधिकरण ने प्लानिंग की। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू की। इसे देखते हुए लोगों ने प्रोजेक्ट से जुड़ने के लिए आवेदन के बाद मकान भी बुक किया। बैंक से लोन लेने के बाद 7 से 9 हजार रूपए लोग विगत 5 साल से बैंक लोन दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें मकान के किराए की मार से राहत नहीं मिली है। ऐसा इसलिए भी हो रहा, क्योंकि आरडीए ने पहली बार तय की गई एजेंसी को 2022 में मकान बनाकर हैंडओवर करने के लिए समय दिया था। एजेंसी ने काम पूरा नहीं किया,तो कार्रवाई के बाद आरडीए ने नई एजेंसी को जिम्मेदारी दी है। अभी प्रोजेक्ट अधूरा है इसलिए लोगों को नई एजेंसी से तय समय में प्रोजेक्ट पूरा करवाने के बाद दिसंबर से पजेशन की प्रक्रिया करने की तैयारी में है।

### अब नई एजेंसी कर रही निर्माण

असफाक दानी ने बताया कि मकान बुकिंग के साथ ही आरडीए ने वन-बीएचके का 7 लाख 20 हजार और टू - बीएचके का 8 लाख 60 हजार रुपए बैंक फाइनेंस के बाद ले लिया है। 523 लोगों से पैसा लेने के बाद भी मकान के लिए कई साल से चक्कर लगवा रहे हैं। अब नई एजेंसी से अधूरे काम को पूरा करवा रहे है। अभी वहां जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उसे देखते हुए उम्मीद है कि नए साल का स्वागत लोग अपने आशियाने में करेंगे। इस इंतजार में मकान बुक कराने वाले लोग विगत 5 साल से किराए की मार व बैंक की किस्त दे रहे हैं। अपना मकान मिल जाता तो किराए का पैसा लोगों का बचता।




### हैंडओवर करने की तिथि तय

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट का रिब्यू करके अप्रैल तक हैंडओवर करने निर्देश दिया गया है। कॉलोनी का निर्माण शत-प्रतिशत होने के बाद ही पजेशन देने की प्रक्रिया करेंगे।
- **अनिल गुप्ता,** प्रभारी अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

### अभी और इंतजार करवाएंगे

स्वतंत्र मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। हर महीने लोन की किस्त और मकान का किराया ही 12 से 14 हजार हो जाता है। हितग्राही जमालुद्दीन बताते हैं कि किराए के मकान से राहत पाने के लिए मकान बुक किया। अब निर्माण के लिए नई एजेंसी को जिम्मेदारी देते हुए इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। इसके चलते मकान बुक कराने के बाद भी किराए के मकान से मुक्ति नहीं मिल पाई है। जिम्मेदार कब तक पजेशन देंगे, इसका कोई समय भी नहीं बता रहे हैं। मौके पर नई एजेंसी ने काम शुरू करने के बाद तेजी भी दिखा रही है।

# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहीद ले. राजीव पांडे को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडे के बलिदान दिवस पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने संजय नगर टिकरापारा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष कर्नल हरिंद्र त्रिपाठी एवं अन्य सैनिक सदस्यों के अलावा वार्ड पार्षद समीर अख्तर एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। परिषद के सदस्यों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद स्व. राजीव पांडे के समता कालोनी स्थित निवास में जाकर उनके माता-पिता सहित अन्य सदस्यों से भी मुलाकात की। विदित हो कि शहीद सेकेंड लेफ्टिनेंट राजीव पांडे को आपरेशन मेघदूत के तहत सियाचीन ग्लेशियर में दुश्मनों की एक चौकी को हासिल करने का उत्तरदायित्व दिया गया था। इस 21000 फीट ऊंची दुर्गम चौकी तक पहुंचने के लिए तीन किमी. का खुला बर्फीला इलाका तथा 12000 फीट की दीवार पार करना आवश्यक था।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें तथा सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं।

### एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

### आम जनमानस के लिए लगाया वाटर कूलर मशीन

**रायपुर।** मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा जनहित पहल करते हुए दो अलग-अलग स्थान कनेरा कुम्हारी और शंकरनगर वृद्धाश्रम में वाटर कूलर लगाया गया। इन दोनों उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी ईश्वरचंद्र अग्रवाल एवं ग्राम कनेरा के सरपंच बालाराम पाठक रहे। साथी स्कूल के हेड मास्टर का सहयोग भी प्राप्त हुआ। समिति के सदस्य ने बताया कि समिति द्वारा विगत कई समय से बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में भंडारा एवं आदि सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में दो वाटर कूलर सभी के सहयोग से प्रदान किया गया, ताकि इस भीषण गर्मी में आम जनमानस को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकें। इस कार्यक्रम में समिति के सुरेश अग्रवाल, मनोहर जिंदल, अजय अग्रवाल, प्रेम शर्मा, सुरेश चौधरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

### मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**रायपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को संविधान में संशोधन प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जो देश के सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है किंतु प्रदेश में 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ में भी समान रूप से लागू करने की मांग को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 10 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं होने के कारण राज्य के रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को प्रदेश के शिक्षण संस्थानों एवं अन्य जगहों पर नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं।

### लाइन लगने के विवाद पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने लाइन लगने के विवाद पर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डांडे की शिकायत पर खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव, घनश्याम सोनी, ओम वर्मा, नर्मदा प्रसाद वर्मन तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। बदमाशों ने संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल किया था। बीचबचाव करने आए एक अन्य युवक पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला किया।

### फल कारोबारी से लूट

**रायपुर।** गोलबाजार थाना में एक फल कारोबारी ने दो अज्ञात दोपहिया सवार बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर अपने साथ जबरन दोपहिया में बैठाकर मौदहापारा ले जाकर 19 हजार रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक श्रीनगर निवासी नीरज कुमार सोनकर ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है।

# उपार्जन केंद्रों में 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान, मार्कफेड ने कलेक्टर से कहा- एक हफ्ते में उठवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 88 हजार 366 मीट्रिक टन धान का उठाव अब तक उपार्जन केंद्रों से नहीं हो सका है। इसका मतलब ये है कि 4 फरवरी तक जो धान सोसाइटियों में खरीदा गया था, वह मई के अंतिम दिन आने तक वहीं जाम है।

यह धान राज्य के 22 जिलों के सैकड़ो उपार्जन केंद्रों में है। इन सभी जिलों के कलेक्टरों से मार्कफेड ने कहा है कि एक हफ्ते में धान का उठाव करें। राज्य में इस खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी भी सबसे अधिक हुई है, लेकिन खरीदे गए धान को सोसाइटियों से उठाकर मिलरों और मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों तक भेजने के लिए जो काम करना था, उसमें काफी देर हुई है।

सोसाइटी संचालकों के अनुसार फरवरी मार्च से लेकर मई की भीषण गर्मी में धान सूखा है, इसकी वजह से धान के वजन में कमी आई है। कई जिलों में फरवरी से लेकर अप्रैल तक बेमौसम बारिश की वजह से भी धान प्रभावित हुआ है।

## 22 जिलों की सोसाइटियों में जाम है धान, 10 हजार मीट्रिक टन जाएगा मार्कफेड संग्रहण केंद्र में

### इन जिलों में है 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान

राज्य के 33 जिलों में से केवल दस जिले ऐसे हैं जहां की सोसाइटियों से पूरा धान उठाया जा चुका है। बाकि के 22 जिलों में अब तक अलग-अलग मात्रा में धान जमा है। हालांकि धान मिलरों का भी दिया जा रहा है, लेकिन फिर भी पूरा धान नहीं उठाया जा सका है। सरकार की धान उपार्जन नीति में कहा गया है कि खरीदी के 72 घंटों के भीतर धान का परिवहन किया जाना है। इसके बाद महीनों बीत गए हैं, लेकिन इन 22 जिलों की सोसाइटियों में धान का ढेर लगा है। इनमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, और सरगुजा जिले शामिल हैं।



### कलेक्टरों को आदेश एक सप्ताह में उठवाएं

मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा के अनुसार प्रदेश के उन सभी जिला कलेक्टरों को एक सप्ताह में धान का उठाव कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके जिलों की सोसाइटियों में धान जमा है। श्री शर्मा ने ये भी बताया कि कई जिलों में धान के उठाव के लिए डीओ कट चुके हैं, लेकिन मिलरों ने धान नहीं उठाया है। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में 10 हजार मीट्रिक टन धान भेजने कहा गया है।

# छत्तीसगढ़ की इन सीटों पर हार जीत और मार्जिन पर रहेगी नजर

**क्या बृजमोहन सर्वाधिक लीड हासिल कर सकते हैं**

**राजनांदगांव, कोरबा, कांकेर में भी है तगड़ा मुकाबला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आने से पहले तक छत्तीसगढ़ में लोगों की निगाहें उन सीटों पर लगी हैं, जहां से चौंकाने वाले परिणाम की संभावना जताई जा रही है। इन सीटों में रायपुर और राजनांदगांव जैसी हाईप्रोफाईल सीटें मुख्य रूप से शामिल हैं। इनके अलावा भी कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर मुकाबला टक्कर का माना जा रहा है। इन सीटों में कोरबा, कांकेर का नाम लिया जा रहा है, लेकिन पूरे छत्तीसगढ़ में लोगों की नजर उस सीट पर है, जहां सबसे अधिक अंतर से हार-जीत होनी वाली है।

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 7 मई को समाप्त हो चुका है। इसके बाद से प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के नेता देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत के लिए ताकत झोंकते रहे। अब देश में छह चरणों का चुनाव होने के बाद 1 जून को सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान होना है। इधर छत्तीसगढ़ में आखिरी दौर का मतदान होने के बाद सियासी गतिविधियों पर लगभग विराम लगा हुआ है, लेकिन अब जैसे जैसे मतगणना का समय करीब आता जा रहा है, मतदाताओं और सियासी दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं में चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा और अटकलों का दौर शुरू हो रहा है।




### रायपुर सीट वोट मार्जिन में टॉप में रहेगी?

*रायपुर लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की सबसे हॉट सीटों में से एक मानी जा रही है। इस सीट पर भाजपा ने पार्टी के सबसे कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल को उतारा है। कांग्रेस ने यहां से विकास उपाध्याय को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के लोगों की मानें तो रायपुर में पार्टी की न केवल जीत तय है, बल्कि राज्य में सबसे अधिक मार्जिन से जीत वाली सीटों में इस गिना जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल पूर्व में आठ बार विधानसभा का चुनाव जीते हैं। 2023 में वे दक्षिण विधानसभा सीट से राज्य में सबसे अधिक 67 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। यह भी उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुनील सोनी कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रमोद दुबे से 3.40 लाख वोटों से जीते थे। इसी आधार पर भाजपा के लोग मानकर चल रहे हैं कि रायपुर में इस चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक लीड मिल सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह कोशिश भी की गई है कि भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने का रिकार्ड बनाएं। रायपुर लोकसभा में इस बार 66.82 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस हिसाब से करीब 14 लाख वोट पड़े हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा का आकलन है कि बृजमोहन अगर 6 लाख वोटों से जीते, तो यह देश में सर्वाधिक लीड वाली सीट होगी।*

### राजनांदगांव में ही कांटे की टक्कर

*राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशी हैं। उनका सीधा मुकाबला भाजपा के संतोष पांडेय से है। हालांकि श्री पांडेय 2019 में यह सीट आसानी से जीते थे, लेकिन इस बार उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश कड़ी टक्कर दे रहे हैं। माना जा रहा है कि भूपेश के प्रत्याशी होने के कारण यहां कांटे की टक्कर हो रही है और यही कारण है कि पूरे छत्तीसगढ़ की निगाहें राजनांदगांव सीट पर टिकी है। राजनांदगांव में 77.43 प्रतिशत मतदान हुआ है।*

### कांकेर सीट में कांग्रेस है मुकाबले में

बस्तर संभाग की कांकेर लोकसभा सीट एसटी के लिए आरिक्षित सीट है। यहां से कांग्रेस ने वीरेश ठाकुर को उतारा है। भाजपा से भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है। खास बात ये है कि वीरेश ठाकुर 2019 में कांकेर में करीब 6 हजार वोटों से हारे थे। यही कारण है कि पार्टी ने दूसरी बार उन पर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे पूर्व में विधानसभा का एक चुनाव जीते हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों के मुताबिक कांकेर में कांग्रेस मुकाबले में बनी हुई है।

### कोरबा सीट पर है नजर

कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योत्सना महंत है। उन्होंने 2019 में भाजपा की लहर के बीच यह चुनाव जीता है। भाजपा ने इस सीट से तेज तर्रार नेत्री सरोज पांडेय को उतारा है। माना जा रहा है कि सरोज की मौजूदगी के कारण यहां कांग्रेस को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रत्याशी भी मैदान में है। इस लोकसभा सीट के एक विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखार से गोंडवाना गणंतत्र पार्टी जीत चुकी है। प्रेक्षकों के अनुसार इस पार्टी को मिलने वाले वोट कांग्रेस की संभावनाओं पर असर डाल सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना मंहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत की पत्नी है। महंत परिवार का कोरबा क्षेत्र में काफी प्रभाव माना जाता है।

## बैज ने कहा- 4 जून को देशभर में एक और दिवाली मनेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, 4 जून को देशभर में एक और दिवाली मनाई जाएगी। जब तानाशाह की हार होगी और आम जनता का राज आएगा, लोकतंत्र प्रभावित होगा संविधान और आरक्षित वर्गों के आरक्षण सुरक्षित होगा। युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती के अवसर मिलेंगे, किसानों को एमएसपी की गारंटी मिलेगी, महिलाओं को सरकारी पदों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए खाता में मिलेगा। महंगाई कम होगी और यह देश के लिए दीपावली के दिन से कम नहीं होगा। उन्होंने कहा, 4 जून को देशभर के युवाओं, श्रमिक को, महिलाओं को, रोजगार मिलेगा। उद्योगपति, व्यापारी बिना दबाव के व्यवसाय करेंगे, किसानों को उनकी फसल की सही कीमत मिलेगी, आम जनता को मूलभूत की सुविधा मिलेगी। पूरे देश में मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। देश में हर वर्ग मोदी सरकार की कुनीतियों से परेशान हुआ है।

# ई वे बिल पर कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का अधिकार नहीं

**कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था से जेल में हैं शासन के दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर : ठाकुर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने ई वे बिल मामले में कहा, कांग्रेस ने कैसी भ्रष्ट व्यवस्था चलाई, सभी को पता है उनके दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर, समीर विश्नोई और रानू साहू जेल में हैं। ऐसे में कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, राज्य के अधिकतर छोटे व्यापारी एक साथ 50 हजार का माल परिवहन करते ही नहीं। कांग्रेस के शासनकाल में चाहे वह आबकारी कर हो या जीएसटी, शासन और अधिकारियों की मिली भगत से कर चोरी के कीर्तिमान रचे गए हैं। राज्य के राजस्व में डाका डालने का काम कांग्रेस के शासन में हुआ है। ई वे बिल कर चोरी को रोकने का सबसे सीधा और प्रभावी टूल है। इससे न केवल कर चोरी को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि आंकड़ों के विश्लेषण से कर संग्रहण के संबंध में भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इससे बोगस बिल जारी करने, कच्चा बिल जारी करके कर अपवंचन करने की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा।




### कांग्रेस शासित राज्यों की अलग-अलग व्यवस्था

उन्होंने कहा, राजस्थान में भाजपा की सरकार ने मार्च 2018 में राज्य में ई वे बिल के प्रावधानों से पूरी छूट दे दी थी। 2021 में कांग्रेस सरकार ने संशोधित कर राज्य के भीतर 1 लाख से अधिक मूल्य के माल के लिए ई वे बिल के प्रावधान लागू किए हैं। पंजाब में भी कांग्रेस सरकार ने संवेदनशील वस्तुओं के राज्य के भीतर परिवहन पर ई वे बिल की सीमा 50 हजार रुपए रखी थी, शेष वस्तुओं के लिए यह सीमा 1 लाख रुपए है। एक जिले के भीतर परिवहन के लिए कोई विशेष छूट नहीं थी। ऐसे में कांग्रेस जो खुद के शासित राज्यों में ऐसा कर चुकी है, वो यहां इसका विरोध किस मुंह से कर रही है।

### ई-वे बिल की अनिवार्यता सरकार का तानाशाही कदम

*रायपुर। पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल ने ई-वे बिल की छूट को समाप्त करने को भाजपा सरकार की तानाशाही बताया है। उन्होंने कहा, ई वे बिल को अनिवार्य किए जाने से इंस्पेक्टर राज चालू हो जायेगा। सर्कुलर में स्पष्ट है कि कनसाइनमेंट को जांच करने का अधिकार हो जायेगा। पहले बार्डर पर जांच होती थी। अब कनसाइनमेंट में जांच शुरू हो जायेगी, तो इंस्पेक्टर राज वापस होगा और सभी व्यापारी इससे प्रताड़ित होंगे। जो ये सर्कुलर है, लंबे समय में छत्तीसगढ़ व्यापार को बहुत नुकसान करेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की इकोनामी भी कहीं न कहीं डाउन होगी। सरकार व्यापारियों से बात करे और व्यापारियों की जो समस्या है, उसे हल करे और सार्थक चर्चा के बाद जारी करे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार जब से बनी है, सरकार आम आदमी के साथ व्यापार और उद्योग के खिलाफ निर्णय ले रही है। सरकार से मांग करता हूं कि सर्कुलर को जल्द से जल्द वापस ले। यह आदेश छत्तीसगढ़ के लिये बहुत नुकसान दायक है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।*

# मांग के विरुद्ध बीज-खाद का अब तक 53 प्रतिशत भंडारण, वितरण 29 व 35 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ फसलों के लिए जिले के किसानों को बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिए भंडारण और वितरण का काम चल रहा है। जिले के 126 सेवा सहकारी समिति में अब तक बीज का 21592.50 क्विंटल भंडारण कर 6340 क्विंटल वितरण किया गया है, जो कि मांग के विरुद्ध 53 प्रतिशत भंडारण एवं 29 प्रतिशत वितरण हुआ है। इसी प्रकार रासायनिक उर्वरक 21415 मीट्रिक टन का भंडारण कर 7563 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है, जो लक्ष्य के विरुद्ध भंडारण 53 व वितरण 35 प्रतिशत है।

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कृषि विभाग के अलावा जिला सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, उप पंजीयक सेवा सहकारी समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सहकारी समिति में मांग व लक्ष्य के विरुद्ध तत्काल भंडारण करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं बीज प्रक्रिया प्रभारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार एवं कृषि विकास अधिकारी को प्रतिदिन सहकारी समिति एवं ग्रामों का दौरा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं कृषि विभाग के उप संचालक आर. कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मानसून आने के पूर्व अधिक से अधिक अग्रिम बीज एवं रासायनिक उर्वरक का उठाव के लिए कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत सीईओ एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर प्रतिदिन 10-10 सहकारी समिति का दौरा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।



## पेज 11 के शेष

### स्लैब टूटने से बीच सड़क पर ...

दे रहे हैं। लिहाजा आलम यह है कि उक्त जोख़मि भरे मार्ग पर रोजाना सैकड़ों लोग वाहनों के माध्यम से आवागमन कर रहे हैं, जो कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इसके बावजूद प्रशासन के अफसरों द्वारा न तो जवाबदेही तय कर मरम्मत की जा रही है और न ही सड़क मार्ग की सुरक्षा की दिशा में कोई कार्य किया जा रहा है। इससे लगता है कि विभाग के जिम्मेदारों को किसी अनहोनी का इंतेजार है।

**पंचायत फंड से कराई थी मरम्मत, अब प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान:** इस मामले में ग्राम पंचायत धौराभाठा सचिव द्रोणाचार्य साहू ने बताया कि पूर्व में इस समस्या पर जिम्मेदार विभाग के ध्यान नहीं देने पर पंचायत फ़ंड से मरम्मत कराई गई। लेकिन, अब फिर वैसी स्थिति हो गई है। इब तक तीन बार प्रशासन को अवगत करा दिया गया है, किंतु अभी तक जिम्मेदार अफसरों द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है।

### सहकारी समितियों ...

मीट्रिक टन का भंडारण समितियों में किया जा चुका है । इस प्रकार अभी तक 60.50 प्रतिशत डीएपी खाद ज़िले को प्राप्त हो गया है। उपसंचालक कृषि एमडी डड़सेना ने समय सीमा की बैठक के दौरान यह जानकारी दी। जिले के कृषकों को विभिन्न फसलों की कुल बीज माँग 23252 क्विंटल के विरुद्ध 16788 क्विंटल बीज यानि 72 प्रतिशत का भंडारण समितियों में हो चुका है तथा 11145 क्विंटल बीज समितियों के माध्यम से वितरण किया जा चुका है। समितियों में अभी भी 5643 क्विंटल बीज उपलब्ध है।

### कृषकों को समसामयिक सलाह ...

के लिए समसमायिक उचित और सही सलाह दे, ताकि किसान भाई अपनी बेहतर खेती-किसानी कर सके। कलेक्टर ने कहा कि खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण एवं वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।

### मतगणना का ....

**ये सामग्री प्रतिबंधित :** मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

# जून तक पूरा होगा 3 मंजिला शास्त्री बाजार परिसर, सोलर लाइट से जगमगाएगा

**रायपुर।** राजधानी में 3 मंजिला शास्त्री शास्त्री बाजार परिसर का निर्माण जून तक पूरा होगा। इस पूरे परिसर को सोलर लाइट से जगमग रोशनी करने की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक फ्लोर पर 21 दुकानें बनकर तैयार हैं। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के साथ निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। दरसअल, रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में 9 करोड़ की लागत से 3 मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निर्माण किया जा रहा है। परिसर में कुल 84 दुकानें होंगी। इसके साथ ही बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक और 30 कार रखने की व्यवस्था रहेगी। निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलेक्टर ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए 30 जून तक बकाया निर्माण कार्य पूरा करने निर्देश दिये।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



### किल्लेकोड़ा में समर कैंप का हुआ समापन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा के सभागार में बुधवार को समर कैंप का समापन अजय मुखर्जी प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसके पूर्व में संजय भुआर्य अभियंता खनन विभाग, लोकेंद्र कुलियारा कृषि विकास अधिकारी एवं दिलेश्वर कुमार ठाकुर शिक्षक) ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस, खेलकूद, योग शिक्षा की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया। उसके बाद व्याख्याता जेपी बांधव ने छात्र-छात्राओं को गणितीय कौशल के संबंध में बताया। वहीं, हेमेन्द्र साहू ने बताया कि जीवन में खेलों के साथ-साथ योग शिक्षा का होना क्यों आवश्यक है? कार्यक्रम का सफल संचालन और संपादन डॉ बी.एल.साहसी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग संगीत आदि का होना आवश्यक है। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि हमारे विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को चिलचिलाती गर्मी में भी उन्होंने समय निकालकर छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संबंधित जानकारी दी, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

### माहेश्वरी समाज के युवक-युवतियों के लिए जीवन साथी चयन कार्यक्रम कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में एवं माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में विवाह योग्य युवक, युवतियों के लिए दुर्ग में आयोजित जीवन साथी चयन कार्यक्रम का शनिवार को होटल पृथ्वी पैलेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा शुभारंभ करेंगे। प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रचार प्रसार प्रभारी विष्णु सारडा ने बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों में विजय राठी, ज्योति राठी एवं नारायण राठी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंधड़ा, कार्यक्रम संयोजक कमल बियानी, सहसंयोजक ओमप्रकाश टावरी ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त आयोजन में पंजीयन हो चुके हैं। वहीं, कार्यक्रम के लिए पंजीकृत एक प्रत्याशी का संबंध भी हो गया। मोटिवेशनल वक्ता एवं काउंसलर परीक्षित जोबनपुत्र (अहमदाबाद) अच्छे जीवनसाथी के चुनाव पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। नागपुर से आयी कविता लोया कैरियर एवं पारिवारिक संतुलन पर व्याख्यान देंगी। युवक युवतियों के साथ उनके अभिभावक को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन सत्र के बाद एक पुस्तक का विमोचन होगा, जिसमें युवक-युवतियों एवं उनके परिवार की पूरी जानकारी होगी। परिचय सम्मेलन में प्रतिभागियों के लिए विविध गेम्स भी होंगे। युवक, युवतियों एवं उनके अभिभावकों के आवास व भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजनकर्ता द्वारा की गई है। समापन रविवार शाम को होगा।

### युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांतिनगर निवासी दीपक ठाकुर 32वर्ष ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## आयोजन : जिले के विभिन्न स्कूलों में समर कैंप के दौरान कराई गईं विविध गतिविधियां

# बच्चों को पेंटिंग, मेहंदी के साथ सिलाई-कढ़ाई डांस और योगा का भी दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटगाँव में पाँच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान प्रत्येक दिन बच्चों को अलग-अलग गतिविधियां कराई गईं। शिक्षिका यमुना देशमुख ने मेंहदी कला, सिलाई, कढ़ाई, योगा, खेल, आर्ट एवं क्राफ्ट और डांस जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सृजन क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया। साथ ही साथ अलग अलग दिवसों में नशा एवं गुटखा से शरीर एवं मानव जीवन पर होने वाले दुष्प्रभाव, बच्चों में बढ़ते मोबाइल की लत, अपने भविष्य को साकार करने के लिए कैरियर गाइडेंस, यातायात के नियमों का पालन, पाक्सो एक्ट एवं अपने अधिकार और कर्तव्य जैसे विषयों पर बच्चों में चेतना जगाने का प्रयास किया गया।

इस दौरान जेडी शुक्ला ने समर कैंप का औचक निरीक्षण भी किया गया और शिक्षिका यमुना देशमुख द्वारा कराए जा रहे, क्रियाकलापों को बहुत ही सुंदर और ज्ञानवर्धक बताया गया। समर कैम्प के आयोजन में विभिन्न प्रकार के सीखने सिखाने की गतिविधि से बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। सभी शिक्षकों ने इस समर कैम्प के आयोजन से हुए बच्चों में फायदे को बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य रमेश कुमार वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।



### खुट्टेरी ख स्कूल में गायन, वादन व नृत्य का दिया गया प्रशिक्षण

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुट्टेरी ख में 24 मई से 29 मई तक पाँच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इन पाँच दिनों में विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, चित्रकला, हस्तकला, रंगोली, यातायात के नियमों की जानकारी, ग्रामीण परिवेश, संस्कृति, रहन सहन का परिचय, नृत्य, गायन वादन, कचरा प्रबंधन, खेलकूद आयोजन, कैरियर गाइडेंस की जानकारी दी गई। सभी कार्यक्रमों को संस्था प्रमुख श्वेता पांडेय एवं सफल बनाने में समस्त स्टॉफ का भरपूर योगदान रहा। इस बीच सहायक संचालक दुर्ग, वीशुक्ला एवं श्रीवास्तव का आगमन शाला प्रांगण में हुआ। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक एमएस साहू का विशेष योगदान रहा। जेआर साहू, होनुषा साव, विनीता मिश्रा, ज्योति महनदिया, पुष्पलता साहू, शिल्पी, रोशनी नेताम, आर. वैध, एचएल ठाकुर, उमेश कुमार देशमुख, दिल कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

### मड़ियाकट्टा स्कूल में लगा समर कैंप

**डौण्डीलोहारा।** आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों को राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को समर कैम्प के उद्देश्य पर ग्रीष्म अवकाश में बच्चों मानसिक विकास एवं बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए किया गया है, ताकि बच्चों को ग्रीष्म अवकाश पर पढ़ाई के साथ-साथ कला व अन्य रचनात्मक गतिविधियां सीख सकें, जो कि आगे जीवन में काम आए। प्रधानपाठक दयालूराम पिकेश्वर ने समर कैम्प में रचनात्मक गतिविधियों के साथ साथ चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, चित्रकला, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद आदि गतिविधियां सिखाई गई। साथ साथ बच्चों को बाल अधिकार संरक्षण के साथ यातायात सड़क सुरक्षा के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक नारदराम भुआर्य, सुनील कुमार अलेन्द्र का सहयोग रहा।









### बेलौदी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध कलाओं का लिया प्रशिक्षण

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में 20 से 30 मई तक समर कैंप का अयोजन किया गया। व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इसके अंतर्गत शाला के छात्र छात्राओं ने सहयोगी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों को रंगोली, पोस्टर पेंटिंग, खेलकूद, नृत्य, गायन तथा वादन की बारीकियां सिखाई गईं। इसके साथ ही उन्हें योगा, गणित, विज्ञान के अलावा करियर मार्गदर्शन जैव विविधता, पर्यवरण संरक्षण तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू ने बच्चों को समर कैंप की गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।



### समर कैंप में कुथरेल संकुल के बच्चों ने सीखी विविध कलाएं

**अंडा।** शासकीय हाई स्कूल कुथरेल में संकुल स्तरीय समर कैंप 15 मई से किया गया। इसके तहत संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने पापड़ सेवई बनाने से लेकर इंग्लिश स्पोकन, वैदिक गणित, रंगोली मेहंदी, चित्रकला, भजन गीत गायन, भाषण कहानी लेखन के तरीके सीखे। इसके साथ ही उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। वहीं, माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा योगा, विज्ञान आधारित जादू, खराब एलईडी बल्ब को सुधारना, उनसे पोशाक बनाना, रेशम धागे से ज्वेलरी, पेपर क्राफ्ट एवं रस्सियों से विभिन्न गांठ बनाना सीखाया गया। समर कैंप में प्राचार्य इंदु मलिक, विवेकानंद दिल्लीवार संकुल समन्वयक, रोहित कुमार चंद्राकर प्रधान पाठक, राधेलाल चंद्राकर प्रधान पाठक, राकेश बैस प्रधान पाठक जनक यादव प्रधान पाठक, ललिता देशमुख में प्रधान पाठक, प्रेमलाल साहू प्रधान पाठक विद्या निषाद प्रधान पाठक गौर सिंह नेताम प्रधान पाठक के साथ संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी सहभागिता प्रदान की।

## लालपुर स्कूल में संचालित समर कैंप का न्यौता भोज के साथ किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखण्ड में समर कैंप नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा था। समर कैम्प के 13 दिनों पश्चात आज अंतिम दिवस को नेवता भोजन स्वरुप अंगूर, केला वितरण कर किया गया।

समर कैंप में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को शामिल करते हुए चित्रकला, खेल गतिविधि कैरम बोर्ड, लूडो, मिट्टी के खिलौने, कबाड़ से जुगाड़ आवश्यक सामग्री, ड्राइंग शीट वर्क, सर्किल टाइम, भाषा की दुनियां, संख्या बोध,कहानी के साथ अभिनय,झालर निर्माण, स्थानीय मान, कविता लेखन, मापन रचनात्मक खेल, बालगीत, सीखने सीखाने हेतु माहौल निर्माण, जनउला स्थानीय त्यौहार कि जानकारी, ठोस वस्तु से जोड़, घटाव, समूह के साथ समझ बनाकर सीखा। आज तेरहवें दिवस समापन अवसर पर सभी बच्चों को नवाचारी शिक्षक शान्त कुमार पटेल के द्वारा नेवता भोज के रूप में केला,अंगूर वितरण कर समापन किया गया। आज लगभग 25 बच्चों ने समर कैंप में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दिए। संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुमार कुर्रे के द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। 13 दिवस तक चले समर कैंप के समापन पर लालपुर के सभी स्टॉफ सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ लोकनाथ बांधे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग, बीआरसी नवागढ़ सोनू राम साहू संकुल प्रभारी नरसिंह जायसवाल सभी ने सफल संचालन के लिए बधाई दिए। लालपुर स्टॉफ प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शिक्षिका माधुरी चतुर्वेदी, शिक्षक शान्त कुमार पटेल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाए शासन : संगीता

**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत एवं अप्रारंभ 9 कार्यों पर से रोक हटाने की मांग की है। श्रीमती सिन्हा ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में 2288.46 लाख के 9 कार्य स्वीकृत हुए थे। कार्य स्वीकृत होने के बाद प्रक्रिया चल रही थी, जिसमे बहुसंख्यक कार्य निविदा स्तर पर पहुंच चुके हैं। प्रदेश में शासन बदलने के बाद वर्तमान भाजपा शासन में कार्यों को यथास्थिति पर रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके कारण विकासकार्य बाधित हो रहे हैं तथा आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए विधायक ने उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यों पर लगी रोक को हटाते हुए पुनः प्रारंभ करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। विधायक संगीता सिन्हा के पत्र पर मंत्रालय लोक निर्माण विभाग ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। पत्र में प्रमुख अभियंता को नियमानुसार परीक्षण के लिए कहा गया है। श्रीमती सिन्हा ने बताया कि जिला बालोद के बोरी से पसौद मार्ग निर्माण, जिला बालोद के बहादुर कलारिन नहर मार्ग, जिला बालोद के दल्ली चौक से पाररास बालोद तक लोहारा बालोद मार्ग सौंदर्यीकरण एवं मार्ग विभाजक निर्माण, जगन्नाथपुर से परसोदा होते हुए ग्राम पापरा तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य रूका हुआ है। इसी तरह विकासखण्ड गुरूर के ग्राम पंचायत बोरतरा में मुख्य मार्ग से शासकीय राशन दुकान पहुंच मार्ग का कांक्रीटीकरण, विकासखण्ड बालोद के सांकरा में हायर सेंकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य, गुरूर में हायर सेंकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण, विकासखण्ड बालोद के पीपरछेड़ी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण तथा मुख्य मार्ग से माध्यमिक शाला वार्ड 02 सुभाष नगर गुरूर में सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन प्रारंभ नहीं हो पाए हैं।

## जिला पंचायत सीईओ ने सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीणों के घरों में बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पानी के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी देते हुए अपने–अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने ग्राम अरमरीकला में पहुँचकर सोख्ता गड्ढा के निर्माण का अवलोकन किया और रेत एवं गिट्टी डालकर सोख्ता गड्ढा निर्माण हेतु श्रमदान भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोढ़रा, अरमरीकला एवं गंगोरीपार में तालाब निर्माण के कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने पड़कीभाट में तालाब गहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पड़कीभाट में पहुँचकर तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तालाब के किनारे कम पानी में पनपने वाले तथा मिट्टी के कटाव रोकने वाले पौधों का रोपण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने अधिकारियों को तालाब को सुंदर पार्क के रूप में विकसित करने को कहा। चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला के घोटिया चौक में स्थित बीज विकास निगम के कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीज विकास निगम में 24 हजार क्विंटल धान के भण्डारण के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए तथा भण्डारण के लिए शेष रह गए समितियों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों से बीज विकास निगम में उपलब्ध धान के किस्म के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बीज विकास निगम में स्वर्णा, महामाया, एमटीयू आदि धान के किस्म उपलब्ध होने की जानकारी ली। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बीज विकास निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वामी आत्माराम कुंभज के अवतरण दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



**बालोद।** जिले में स्थित महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास की बैठक अध्यक्ष गोविंद राम साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 9 जून को ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज के अवतरणोत्सव की रूपरेखा सर्व सम्मति से तय की गई।

कार्यक्रम दिवस में स्वामी जी की मूर्ति की स्थापना सह पादुकापूजन प्रातः 9 बजे, मनोज शर्मा द्वारा 10:30 से अध्यात्म निरूपण अध्यात्म वेत्ता, संगीत मर्मज्ञ देवी प्रसाद तिवारी (दुर्ग) द्वारा 1:30 से महाप्रसादी तथा 3 बजे से अवतरण उत्सव पर कवि सम्मेलन का आयोजन तय किया गया है।

मुक्ताश्रम न्यास की ओर से आयोजन प्रमुख पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने सभी गुरु भक्तों ओर सत्संगियों से अधिक अधिक संख्या में शामिल होने अपील करते हुए कहा कि हम गुरु भक्तों के लिए यह महापर्व है। बैठक में अध्यक्ष गोविंद राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, सचिव पवन साहू, प्रधानाचार्य शिशु मंदिर संतोष सिन्हा, ओपी गजेंद्र, सागरदास मानिकपुरी, लखन मंडावी, देवेंद्र साहू, समाज अश्वंत साहू, आचार्य घना राम साहू, थान सिंह साहू व सदस्य ओर पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्ताशय कि जानकारी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने प्रदान की।

